संख्या: 11/2016/ 208 /61-2016.

प्रेषक,

एस0 पी0 उपाध्याय,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

निर्वाचन अनुभाग लखनऊ दिनांक 28 मार्च, 2016.

विषय: जिला निर्वाचन कार्यालय, फैजाबाद तथा कानपुर देहात के गोदामों की सुरक्षा हेतु सृजित चौकीदार के एक-एक अस्थायी पदों की निरन्तरता की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-282/61-2015 दिनांक 07-04-2015 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जिला निर्वाचन कार्यालय, फैजाबाद तथा कानपुर देहात हेतु निम्न विवरण के अनुसार चौकीदार के सृजित अस्थायी पदों, जिनका कार्यकाल 29 फरवरी, 2016 तक स्वीकृत है, की निरन्तरता दिनांक 28 फरवरी, 2017 तक बढ़ाये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान करते है कि ये पद इससे पूर्व भी बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त किये जा सकते हैं:-

क्र0सं0	जनपद का नाम	चौकीदार के पदों की संख्या	वेतनमान पुराना	पद सृजन का शासनादेश व दिनांक	अन्तिम बार निर्गत निरन्तरता का शासनादेश व दिनांक
1.	फैजाबाद	एक	2550-3200	सं0:4653/17--ए-263/1-90, दि0 18-4-1991	सं0:282/61-2015 दि0 07-4-2015
2.	कानपुर देहात	एक	2550-3200	सं0:6592/17--ए-1-122/88, दि0 30-6-1989	-तदैव-

2- उक्त पदों के पदधारकों को शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत आदेशों के अनुसार महंगाई एवं अन्य भत्ते, जो भी अनुमन्य हों, देय होंगे।

----/2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2016-2017 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-41 के अधीन लेखाशीर्षक-"2015-निर्वाचन-आयोजनेतर-103-निर्वाचक नामावली तैयार करना और मुद्रण-05-निर्वाचन अधिष्ठान व्यय" के अधीन सुसंगत इकाइयों के नामे डाला जायेगा।

4- ये आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-ए-2-2574/दस-90-24(8)/92, दिनांक 02 दिसम्बर, 1998 में प्राप्त अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(**एस0 पी0 उपाध्याय**)
उप सचिव।

संख्या: 11/2016/208(1)/61-2016 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार, लेखा (प्रथम), उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) जिला निर्वाचन अधिकारी, फैजाबाद /कानपुर देहात।
(3) कोषाधिकारी, फैजाबाद/कानपुर देहात।
(4) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग -12.
(5) गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(**एस0 पी0 उपाध्याय**)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।